## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.09.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **घाटशिला उपचुनाव को लेकर झामुमो और भाजपा के प्रत्याशियों के नाम लगभग तय, अपनी–अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टियों की रणनीति तेज।**
2. **केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा–जीएसटी की दरों में भारी कटौती से देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती, आम लोगों ने आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में बताया सकारात्मक कदम।**
3. **केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों की सूची जारी की, इंजीनियरिंग संस्थानों में आईआईटी आईएसएम धनबाद को मिला 15वां स्थान।**
4. **देशभर में आज मनाया जा रहा है शिक्षक दिवस, देवघर की श्वेता शर्मा को राष्ट्रपति करेंगी पुरस्कृत।**
5. **झारखंड में पूरे सप्ताह बारिश के बीच वज्रपात का अनुमान, मौसम केंद्र ने जारी की चेतावनी।**

********************

घाटशीला विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों का नाम लगभग तय माना जा रहा है। पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के निधन से खाली हुई इस सीट पर उनके पुत्र सोमेश सोरेन झामुमो की ओर से चुनावी मैदान में उतरेंगे। हालांकि झामुमो की ओर से आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। इधर, भाजपा भी घाटशीला सीट को लेकर अपनी रणनीति तेज कर चुकी है। पिछले विधानसभा चुनाव में इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था और उन्हें करीब 75 हजार वोट मिले थे। भाजपा नेतृत्व एक बार फिर बाबूलाल पर दांव खेलने की तैयारी में है।

********************

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने जीएसटी सुधारों की सराहना की है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को दिया गया दिवाली गिफ्ट बताया। इधर जीएसटी रिफॉर्म पर खूंटी जिले के लोगों ने केंद्र सरकार की पहल को सकारात्मक बताया है। व्यापारी वर्ग के लोग इसे प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है। वहीं चेंबर ऑफ कॉमर्स के मुकेश जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा और दवाईयों को जीएसटी के दायरे से बाहर कर बहुत बड़ी राहत आम जनता को मिली है।

********************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल नयी दिल्ली में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 की घोषणा की। जमशेदपुर स्थित एक्सएलआरआई को मैनेजमेंट संस्थानों में दसवां और इंजीनियरिंग संस्थानों में आईआईटी–आईएसएम धनबाद को पंद्रहवां स्थान मिला है। ओवरऑल रैंकिंग में आईआईटी–आईएसएम धनबाद को पैंतीसवां और बीआईटी मेसरा को बानवेंवां रैंक हासिल हुआ है। वहीं आइआईएम रांची को अठारहवां स्थान हासिल हुआ है।

********************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने नई दिल्ली में पंचायती राज मंत्रालय के सचिव से मुलाकात कर 15वें वित्त आयोग के अनुदान को शीघ्र स्वीकृत करने पर जोर दिया। दीपिका पांडे सिंह ने स्पष्ट किया कि झारखंड सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता ग्राम पंचायतों को सशक्त कर ग्रामीण विकास को नयी दिशा देना है। इस पर पंचायती राज मंत्रालय के सचिव ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

********************

झारखंड हाई कोर्ट ने जिला जज के पद के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। झारखंड में जिला जज के पद के लिए आठ उम्मीदवार चयनित हुए हैं। वर्दा ने शीर्ष स्थान जबकि दूसरे स्थान पर दीपक कुमार और तीसरे स्थान पर जे. जाननी हैं। इसके अलावा अशुतोष कुमार मिश्रा, सुशील कुमार सिंह, शिव करण, ज्योति शील और विजय कांत श्रीवास्तव शामिल का चयन हुआ है।

********************

गोड्डा जिला के जंगल और पहाड़ के बीच बसे दो प्रखंडों में शामिल सुंदरपहाड़ी एवं बोआरीजोर में अब पर्यटकों को लुभाने की एक बेहतर तकनीक की शुरूआत की जा रही है।

********************

आज शिक्षक दिवस है। भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर झारखंड समेत पूरे देश के स्कूलों, शिक्षण संस्थानों समेत कई जगहों पर शिक्षकों को सम्मान देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इधर नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज देवघर के राजकीय मध्य विद्यालय, विवेकानंद की शिक्षक श्वेता शर्मा को पुरस्कृत करेंगी।

********************

आज ईद–उन–मिलादुन्नबी का त्योहार है। यह दिवस हजरत पैंगबर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर शांति और सौहार्द्र का माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

********************

मौसम विज्ञान केंद्र से जारी रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में अभी बारिश से राहत नहीं मिलने वाली है। पूरे राज्य में दस सितंबर तक कहीं–कहीं मध्यम दर्जे की बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान कहीं–कहीं मेघ गर्जन और तेज हवा चलने की भी संभावना है। इस दौरान बादलों के साथ–साथ वज्रपात का भी खतरा बना रहेगा।

********************

तमिलनाडु के कोयंबटूर में चौथे राष्ट्रीय पारा थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2025 में झारखंड की दोनों टीम के रजत पदक जीतने पर केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने वीडियो कॉल कर बधाई दी है। इधर आजसू प्रमुख सुदेश महतो की पत्नी नेहा महतो झारखंड ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष बनायी गयी हैं। झारखंड राज्य कबड्डी संघ परिवार ने उन्हें बधाई दी है।

********************

**संक्षिप्त खबरें**

- झारखंड हाई कोर्ट ने साहिबगंज के राजमहल में तेजाब पीड़िता के बेहतर इलाज की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद मामले की जांच झालसा के सचिव को सौंपी है।
- गिरिडीह जिले के डुमरी रोड में एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे मौक़े पर ही उसकी मौत हो गई।

********************

**अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जीएसटी सुधारों पर आम लोगों के मिलने वाली राहत को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– जीएसटी बोनांजा, महंगाई घटेगी, बचत बढ़ेगी, बाजार में आयेगी रौनक।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– पलामू में मुठभेड़, दो जवान शहीद।

**प्रभात खबर ने लिखा है** – आईआईटी मद्रास शीर्ष पर, धनबाद को देश में 35वां स्थान।

**दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– रिनपास जैसे शैक्षणिक संस्थानों की आने वाले समय में बढ़ेगी भूमिका।

*******समाप्त********